भीम

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(प्रशासनिक भवन, ग्राम-हल्दीना, पोस्ट-मालाखेड़ा, अलवर, राजस्थान - 301406)

☎ Phone : 0144-2730321, 2980046 Email – matsyauniv.alwar@gmail.com

website : www.rrbmuniv.ac.in

क्रमांक :-रात्रभमवि/अल/ परीक्षा/2025/722 दिनांक :- 11/03/2025

प्राचार्य

समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय, अलवर।

(विज्ञान एवं कला संकाय)

विषय :- स्नातक प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 2025 आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि स्नातक द्वितीय सेमेस्टर विज्ञान एवं कला संकाय की प्रायोगिक परीक्षाओं के आयोजन के सम्बन्ध में निम्नानुसाार निर्देशित किया जाता है :

1. **स्नातक प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित परीक्षार्थियों के सम्बन्ध में) :**
   विज्ञान एवं कला संकाय के नियमित परीक्षार्थिओं की प्रायोगिक परीक्षाएं 22.03.2025 तक (जिसमें परीक्षार्थी नियमित अध्ययनरत है) आवश्यक रूप से सम्पन्न करावें।
2. **स्नातक प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के सम्बन्ध में) :**
   विज्ञान एवं कला संकाय के स्वयंपाठी परीक्षार्थिओं की प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु सात दिवस का प्रायोगिक प्रशिक्षण अनिवार्य है। अतः उक्त प्रशिक्षण सम्बन्धित महाविद्यालय (जिसका स्वयंपाठी परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन ऑनलाईन भरते समय चयन किया गया है) में आयोजित कराया जावें। प्रायोगिक प्रशिक्षण पूर्ण होने पर परीक्षार्थियों को सात दिवस का प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान कर, अगले कार्य दिवस से अधिकतम 10 दिवस में प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन कराया जावे। प्रायोगिक परीक्षा आयोजन की सूचना महाविद्यालय सूचना पट्ट, समाचार-पत्र इत्यादि माध्यमों से परीक्षार्थियों को सूचित करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही प्रायोगिक परीक्षा आयोजन की सूचना की प्रति विश्वविद्यालय को आवश्यक रूप से प्रेषित करेंगे।

नोट : सात दिवस के प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र के अभाव में स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

प्रायोगिक परीक्षाओं से सम्बन्धित बैच, बाह्य परीक्षक इत्यादि कॉलेज पोर्टल पर उपलब्ध करा दिये गये है। अतः विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त बाह्य परीक्षकों से प्रायोगिक परीक्षा आयोजित करवाकर अंकों को ऑनलाईन पोर्टल https://erp.univindia.org पर College login के माध्यम से दर्ज करें।

साथ ही अंकसूची (Award Sheet) की हार्डकॉपी **परीक्षा आयोजन के अगले दिवस** में अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात् अवार्ड्स की हार्डकॉपी स्वीकार नहीं की जावेगी। यदि महाविद्यालय द्वारा किसी भी छात्र के अंकों को मैन्यूअल/ऑफलाईन भेजे जाते है तो ऐसे अंकों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं करते हुए इनका परीक्षा परिणाम अनुपस्थित मानकर घोषित कर दिया जावेगा। इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इस संदर्भ में कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : रात्रभमवि/अल/परीक्षा/2025/ 723—726 दिनांक : 11/03/2025

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1. कुल सचिव।
2. प्रभारी आई.टी. को प्रेषित कर लेख है कि उक्त दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।
3. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय।
4. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक